# आज भव्य तरीके से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

■ गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध, तैयारियों को लेकर डीसी-एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए डीसी डा. मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार द्वारा स्थानीय एकलव्य स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सामारोह को मनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को स्थानीय एकलव्य स्टेडियम में बिजली मंत्री रणजीत चौटाला बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और जिलावासियों को संदेश देंगें। कार्यक्रम के दौरान सरकारी विभागों द्वारा झांकियां भी निकाली जाएंगी। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी डयूटी को पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सामारोह स्थल पर साफ-सफाई, पीने के पानी, स्टेडियम के शौचालयों की सफाई, स्टेज की सजावट तथा अन्य कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और इस दिशा में अधिकारियों को विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जींद में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, उचाना में फतेहाबाद के विधायक दूडाराम, जुलाना में विधायक अरमजीत ढांडा, सफीदों में सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक, नरवाना में पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा, बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। वीरवार को खूफिया एजेंसियों ने होटलों, सरायों, धर्मशालाओं को खंगालने का काम किया। इसके अलावा हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने समारोह स्थल पर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि समारोह में हरियाणा पुलिस के जवानों की महिला व पुरूषों की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है और उन्होंने स्वयं भी सभी परेड की टुकड़ियों को और बेहतर बनाने को लेकर निरीक्षण किया।

### झांकियां निकाली जाएंगी

गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल हो चुकी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में आधारशीला पब्लिक स्कूल, हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय उच्च विद्यालय रेलवे जंक्शन, यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर, सुप्रीम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की जा रही सरकार की जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं की थीम पर आधारित तथा हरियाणा की प्रगति को दर्शाती हुई झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों में किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी गई है।

## सीआरएसयू में छात्राओं के लिए 30 को होगा जॉब उत्सव का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा नांदी फाउंडेशन द्वारा पिछले नौ माह में विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों की महिला विद्यार्थियों को रोजगार करने हेतु लैंग्वेज, लाइफ एंड एप्टीट्यूड बढ़ाने हेतु ट्रेनिंग दी गई। इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए इन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों के अवसर तलाश किए गए एवं 30 जनवरी को लगभग 15 विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियों के द्वारा इन विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। जिसमें सफल विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसमें सत्र 2023 एवं 2024 में पास होने वाली महिला विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा। जो विद्यार्थी 2024 फाइनल ईयर में है उन्हें नियुक्ति के लिए जुलाई माह तक का समय दिया जाएगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डा. अनुपम भाटिया ने कहा कि इन महिला विद्यार्थियों को इंटरव्यूह से पहले पुनः तैयारी कराई जाएगी। जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 10 घंटे की तैयारी में साक्षात्कार के प्रश्नों को कैसे जवाब दिया जाए, किस प्रकार कठिन प्रश्नों का सामना किया जाए एवं विद्यार्थियों को कैसी पौषाक पहन कर साक्षात्कार के लिए जाना चाहिए और कैसा बर्ताव करना चाहिए तथा साक्षात्कार समापन के पश्चात उन्हें क्या करना चाहिए, इन समस्त पहलुओं की बारीकियों को समझाया जाएगा। इस तैयारी का पहला सत्र 26 व 27 जनवरी को तथा दूसरा सत्र 28 व 29 जनवरी को किया जाएगा। इसके प्रत्येक सत्र में लगभग 250 लड़कियों की सहभागिता रहेगी।




# सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली



**कैथल।** समुदाय में हो रही कई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की एनएसएस इकाइयों ने 'सड़क सुरक्षा' विषय पर एक रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और सभी कर्मचारियों को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए जागरूक करना था। सभी तीन इकाइयों के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों और जनता में जागरूकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा पर कुछ कैचफ्रेज देते हुए परिसर की लंबाई और चौड़ाई में मार्च किया। उन्होंने शपथ ली कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेंगे और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे। रैली के दौरान तख्तियां और पंपलेट प्रदर्शित किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय गर्ग एवं डॉ. श्वेता गर्ग ने स्वयंसेवकों को बताया कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें तथा अपने दोस्तों रिश्तेदारों को भी इसके प्रति जागरूक करें। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की।





जींद। धरने पर बैठे पटवारी। फोटो :हरिभूमि

# पटवारियों की हड़ताल 23वें दिन भी रही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर वीरवार को 23वें दिन पटवारियों की हड़ताल नरवाना के पटवारी रमेश चंद्र की अध्यक्षता में जारी रहा। सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली ने धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों की हड़ताल का समर्थन किया। वहीं मंच संचालन करते हुए जिला सचिव अमरदीप श्योकंद, प्रधान सूबे सिंह, रा'य कोषाध्यक्ष सन्नी डागर व पूर्व प्रधान नरेश ढांडा ने कहा कि अब 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 27 को शनिवार व 28 को रविवार के दिन अवकाश रहेगा। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पटवारियों को इन तीन दिनों में वार्ता के लिए बुलाए और उनकी मांग जल्द से जल्द पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार पटवारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो सातवें चरण में वह तीन दिन के लिए बुधवार तक मजबूरी में हड़ताल बढ़ाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि शुरू में पटवारियों ने तीन जनवरी से लेकर पांच जनवरी तक हड़ताल की थी। पटवारियों को उम्मीद थी कि तीन दिन की हड़ताल के बाद से ही सरकार उन्हें वार्ता के लिए बुला लेगी लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते पटवारी हड़ताल बढ़ाने को मजबूर हैं। पटिवारियों की मुख्य मांग हैं कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जबकि राजस्व विभाग द्वारा इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी गई थी। प्रदेशभर में पटवारी की संख्या जहां चार हजार के आसपास होनी चाहिए थीए अब मात्र 1400 पटवारी ही काम कर रहे हैं।

इससे पटवारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आजतक भी नहीं मिला है। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें। सरकार जल्द से जल्द पटवारियों की मांग को पूरा करें। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार की विभाग की परीक्षा जो साल में दो बार करवाए जाने का प्रधान है, वह तीन साल बीतने पर एक बार भी नहीं हुई है। सरकार इस परीक्षा को जल्द से जल्द करवाए।














सफीदों। शिलान्यास करते सांसद रमेश कौशिक। फोटो :हरिभूमि

## सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : कौशिक

**सफीदों।** सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने कहा कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए गत वर्षों में भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गांवों से लेकर शहरों तक बगैर किसी भेदभाव के काम किए गए। प्रत्येक वर्ग के हित को ध्यान में रख कर न केवल विकास की योजनाएं तैयार की गई हैं बल्कि उन्हें पूर्ण भी करवाया जा रहा है। सांसद रमेश कौशिक वीरवार को सफीदों के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित विभिन्न गांवों मे होने वाले विकास कायारे् का शिल्यानास करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सफीदों के एसडीम मनीष फोगाट, पूर्व जिला प्रधान ओपी पहल, बीजेपी से जसमेर रजाना, बलवंत पाचांल, हरीश शर्मा मंडल अध्यक्ष के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि विकास कायोंर् की कड़ी को आगे बढाते हुए आज भी 60 करोड़ से 'यादा की राशि से विभिन्न गांवों में करवाए जाने वाले विकास कायारे्ं का शिल्यानास किया गया है, उन्हें विश्वास दिलवाया कि इन सब पर निमार्ण कार्य जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने इन विकास कायारे् की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सिंघाना गांव में 12.66 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन की आधारशीला रखी गई है।






बालाजी मल्टीस्पेशलिटी हस्पताल सफीदों एवं पिल्लूखेड़ा

पता : डा0. माया गर्ग बिल्डिंग नजदीक इंडियन बैंक, सफीदों (जीन्द)

सामान्य रोग विशेषज्ञ

Dr. RAJESH KUMAR
M.B.B.S (PIMS PUNJAB)
5 Years Experience Reg No. 52977

स्त्री रोग विशेषज्ञ

Dr. POONAM HOODA
BAMS (OBS. & Gyne)
15 Years Experience Regd. No. 22819

अल्ट्रासाऊंड विशेषज्ञ
Outsource Services
Kirandeep Ultrasound & CT Scan Center Karnal Road Near HDFC Bank Assandh M. 70564-30842
Dr. Kiran Maan
MBBS, DMRD (Radiologist)
(Gold Medalist)
8 Years Experience असन्ध वाले

ऑप्रेशन विशेषज्ञ

Dr. Nitesh Kumar
MBBS, MS (General Surgeon)
5 Years Experience in Surgery
Daily 5-6 Surgery one day

हॉस्पिटल में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें :-
Contact - 8708526849

PHARMACY | ULTRASOUND | FULLY AC PRIVATE ROOM | ICU GENERAL WARD | X-RAY | DIGITAL VENTILATOR | LABORATORY | ECG | NICU/DEFAB

सभी प्रकार के ऑप्रेशन दूरबीन व चीरे के द्वारा किये जाते हैं

Deva Foundation
जरूरत मन्द परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा
Mission for Mankinds

जरूरतमन्द बच्चों के लिए देवा फाऊडेशन इस नववर्ष के शुभ अवसर पर मुफ्त कोचिंग सैन्टर का आंरभ करने जा रहे है

हमसे जुड़ने के लिए सम्पर्क करे :
9729810751, 9671438000
Follow us on : Devender Sehrawat devender_sehrawat

सभी कम्पनियों के बीमे से
कैशलेस ईलाज
जल्द ही
आयुष्मान कार्ड, ECHS
से ईलाज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाए

Mr. Devender Sehrawat
Managing Director
Balaji Hospital Safidon



एस. डी. कन्या महाविद्यालय
पुराना कोर्ट रोड़, नरवाना
E.mail : sdkmv12narwana@gmail.com Contact : 01684-242158, 98960-22158

छात्राओं की गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर अग्रसर



आप सभी को गणतंत्र दिवस
26 जनरी की हार्दिक शुभकामनाएं

Class - 10
Session 2022-23
Total Students - 108
Total Merit-47


Neha - 490/500
9th Positing in Haryana State


Himanshu - 490/500
Commerce
9th Positing in Haryana
2nd Position in Distt.


Kushi - 489/500
Commerce
10th Positing in Haryana
3rd Position in Distt.

Class - 10+2
Session 2022-23
Total Students - 210
Total Merit-146
नर्सरी से बाहरवीं तक
Arts, Commerce
Science, Medical
Non-Medical

SALIENT FEATURES
Dedicated, Experienced and Well Qualified Faculty.
Airy Eco-Friendly Campus and Lush Gardens.
Excellent Infrastructure With C.C.T.V. Camera Security
Fully Computerized Rich Library and Well Equiped labs.


President
Sh. Suresh Singhal


V. President
Sh. Raj Kumar Goyal


Gen. Secretary
Sh. Jiya Lal Goyal


Sunita
Principal



MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
आजादी का अमृत महोत्सव
पहला कदम फाउंडेशन शिक्षा सेवा समर्पण
CSR ACCREDITATION
सत्यमेव जयते
NITI Aayog

education service dedication
Reg.no.1634

PAHLA KADAM FOUNDATION
A SOCIAL ORGANIZATION FOR SERVING HUMANITY
UNDER 80 G,12 A,CSR-1, DARPAN ID:- DL/2017/0180151
pahlakadamfoundation@gmail.com www.pahlakadamfoundation.org



आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं